अनुक्रमांक ......................................  समय : 2.00 घण्टा

नाम ...............................................  पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# द्वितीय सेमेस्टर – 2022
## (सामाजिक अध्ययन)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** हर्षचरित के रचयिता कौन थे? **(1)**

(A) हर्ष (B) बाणभट्ट
(C) भवभूति (D) मातंग

**2.** चालुक्य वंश का सबसे प्रतापी राजा कौन था? **(1)**

(A) जय सिंह (B) रणराज
(C) पुलकेशिन द्वितीय (D) पुलकेशिन प्रथम

**3.** वी (V) प्रकार की घाटी नदी के किस मार्ग से बनती है? **(1)**

(A) ऊपरी मार्ग से (B) मध्य मार्ग से
(C) निचले मार्ग से (D) नदी के मुहाने पर

**4.** पृथ्वी का औसत घनत्व है- **(1)**

(A) 2.2 (B) 5.5
(C) 9.5 (D) 9.4

**5.** भृगु का निर्माण कहाँ होता है? **(1)**

(A) पहाड़ी भागों में (B) समूह के किनारे
(C) हिमानी क्षेत्र (D) मरुस्थल में

**6.** प्रारूप समिति के अध्यक्ष कौन थे? **(1)**

(A) डॉ. भीमराव अम्बेडकर (B) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(C) महात्मा गाँधी (D) जवाहरलाल नेहरू

**7.** ज्वालामुखी उद्गार से प्राप्त द्रव पदार्थ का भूतल पर नाम है- **(1)**

(A) सियाल (B) सीमा
(C) निफा (D) लावा

**8.** सापेक्ष आर्द्रता मापी जाती है- **(1)**

(A) हाइड्रोमीटर (B) हाइग्रोमीटर
(C) बैरोमीटर (D) एनीमोमीटर

**9.** सर्वाधिक लवणता वाला सागर है- **(1)**

(A) कैस्पियन सागर (B) लाल सागर
(C) मृत सागर (D) भूमध्य सागर

**10.** 'धन्वंतरि' किस काल के वैद्य थे? **(1)**

(A) मौर्यकाल (B) गुप्त काल
(C) महाजनपद काल (D) राजपूत काल

**11.** अलाउद्दीन खिलजी ने कितने वर्ष शासन किया? **(1)**

(A) 10 वर्ष (B) 15 वर्ष

(C) 20 वर्ष (D) 5 वर्ष

**12.** 'मत्त विलास प्रहसन' नामक पुस्तक के लेखक हैं- **(1)**

(A) महेन्द्र वर्मा (B) पुलकेशिन द्वितीय

(C) नरसिंह वर्मन (D) राजराज प्रथम

**13.** 'जौहर प्रथा' का प्रचलन था- **(1)**

(A) मौर्य काल (B) गुप्त काल

(C) महाजनपद काल (D) राजपूत काल

**14.** बजट जिसमें आय-व्यय बराबर होता है- **(1)**

(A) जीरो आधारित बजट (B) सन्तुलित बजट

(C) घाटे का बजट (D) बचत का बजट

**15.** भारतीय कृषि में निम्न उत्पादकता का कारण है- **(1)**

(A) पिछड़ी तकनीक (B) जोत का छोटा आकार

(C) साख का प्रभाव (D) उपर्युक्त सभी

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** डेल्टा किसे कहते हैं? **(1)**

**17.** ज्वालामुखी कितने प्रकार के होते हैं? **(1)**

**18.** वायुमण्डल किसे कहते हैं? **(1)**

**19.** सूर्यातप किसे कहते हैं? **(1)**

**20.** ज्वार-भाटा किसे कहते हैं? **(1)**

**21.** गुलाम वंश के अन्तिम शासक कौन थे? **(1)**

**22.** कौटिल्य क्यों प्रसिद्ध थे? **(1)**

**23.** चोल वंश का संस्थापक कौन है? **(1)**

**24.** कुतुबुद्दीन ऐबक कौन थे? **(1)**

**25.** आन्तरिक शक्तियाँ किसे कहते हैं ? **(1)**

**26.** भक्ति आन्दोलन की उत्पत्ति के दो कारण लिखिए। **(1)**

**27.** हरित क्रान्ति का अर्थ बताइए। **(1)**

**28.** अपरदन किसे कहते हैं? **(1)**

**29.** आग्नेय शैल किसे कहते हैं? **(1)**

**30.** संविधान किसे कहते हैं? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** मेगस्थनीज का भारत वर्णन कीजिए। **(2)**

**32.** राजपूतकालीन सामाजिक दशा का वर्णन कीजिए। **(2)**

**33.** चालुक्य वंश का संक्षिप्त इतिहास लिखिए। **(2)**

**34.** पृथ्वी की आन्तरिक संरचना का वर्णन कीजिए। **(2)**

**35.** चन्द्रग्रहण एवं सूर्यग्रहण में अन्तर स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**36.** भारतीय कृषि की विशेषताएँ एवं महत्व लिखिए। **(2)**

**37.** महमूद गजनवी ने भारत पर आक्रमण किस उद्देश्य से किए थे? **(2)**

**38.** भारतीय संविधान की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजए। **(2)**

**39.** चोल प्रशासन की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। **(2)**

**40.** अशोक का जीवन-परिचय देते हुए उसकी उपलब्धियों पर प्रकाश डालिए। **(2)**

---


**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-2/samajik-adhyayan/2022

2. सामाजिक अध्ययन का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-2/samajik-adhyayan/

3. सामाजिक अध्ययन के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-2/samajik-adhyayan/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN